**आयोजन** नर्मदा प्राकट्योत्सव पर निर्झरणी महोत्सव हुआ, कला से धर्म और अध्यात्म के रंग भरे

# कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, नृत्य नाटिका में दिखाई मां नर्मदा की महिमा

**नईदुनिया न्यूज, डही :** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से डही में नर्मदा प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार, नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई। सिद्धा साईं एवं साथी कलाकारों नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल की जीवनदायिनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति काफी सराही गई। इसमें मां नर्मदा की महिमा का मनमोहक चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर





डही में निर्झरणी महोत्सव में नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। • नईदुनिया

शाम 6:30 बजे से निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े आदि के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए।

## नर्मदा तट पर साफ-सफाई कर महाआरती की

इसके पूर्व दोपहर में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर एसडीएम विशाल धाकड़ सहित अधिकारी-कर्मचारियों व ग्रामीणों ने साफ-सफाई की। वहीं शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन-अर्चन का कार्यक्रम किया गया। इसमें प्रदेश भाजपा मंत्री पटेल, जिलाध्यक्ष पाटीदार, विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, एसडीएम धाकड़ आदि ने महाआरती में शिरकत की। कुल मिलाकर मां नर्मदा प्राकट्योत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ-साथ दोनों पार्टी के स्थानीय स्तर के नेता भी शामिल हुए। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया।



भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता नर्मदा महाआरती में शामिल हुए। • नईदुनिया

# नर्मदा प्रकटोत्सव पर डही में निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ

विनय उजाला



**डही, निप्र।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से डही में नर्मदा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए।निर्झरणी महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई।

सिद्धा सांई एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। जिसने समां बांध दिया। सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति काफी सराही गई। इसमें मां नर्मदा की महिमा का सुंदर चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने अवतरित किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर शाम 6:30 बजे से निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम 3 घंटे चला। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मंडल भाजपा अध्यक्ष डही पूनम मंडलोई, मंडल भाजपा अध्यक्ष बड़दा कैलाश डावर आदि के आतिथ्य में हुआ। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया।इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, सीएमओ रमेशचन्द्र सतपुड़ा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए।

## नर्मदा तट पर साफ सफाई कर महा आरती हुई

इसके पूर्व दोपहर के वक्त में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर एसडीएम विशाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने नर्मदा तट पर व्यापक साफ सफाई की। वही शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। इसमें विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, पूर्व विधायक श्री किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री श्री पटेल, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पाटीदार, एसडीएम विशाल धाकड़ आदि ने पूजन- महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की।

# निर्झरणी मोहत्सव में हुआ लोक गायन

**स्वदेश समाचार ■ डही**



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य को लेकर डही के पुलिस थाना ग्राउंड में निर्झरणी मोहत्सव पवित्र मां नर्मदा के प्रति धन्यता का उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसने निमाड़ी लोक गायन मुकेश दरबार एवं साथी नेपानगर एवं नृत्य नाटिका जीवन दायिनी मां नर्मदा सदा शिव संगीत कला समिति भोपाल द्वारा मन मोहक भजनों की तथा नृत्य की प्रस्तुति दी गई इस दौरान ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, विशाल धाकड़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी।

प्रभारी तहसीलदार श्री मोरी जी के साथ बी एम ओ डॉ विजय अहरवाल, बी ई ओ, सी ई ओ के अलावा नगर के पत्र कार एवं और भी जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। डही तहसील पत्रकार संघ ग्रुप द्वारा अतिथि एवं कलाकारों का स्वागत किया गया मंच का संचालन बी आर सी मनोज दुबे द्वारा किया गया साथ ही क्षेत्र में मां नर्मदा तट स्थित ग्राम धर्मराय, कातरखेड़ा आदि स्थलों पर भी प्रशासन द्वारा कार्य क्रम सम्पन्न कराये गए।

# नर्मदा प्रकटोत्सव पर डही में निर्झरणी महोत्सव आयोजित

**हिंदुस्तान मेल, डही**



मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से डही में नर्मदा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए। निर्झरणी महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई। सिद्धा साईं एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई, जिसने समां बांध दिया। सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति काफी सराही गई। इसमें मां नर्मदा की महिमा का सुंदर चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने अवतरित किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर शाम 6:30 बजे से निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम 3 घंटे चला। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मंडल भाजपा अध्यक्ष डही पूनम मंडलोई, मंडल भाजपा अध्यक्ष बड़दा कैलाश डावर आदि के आतिथ्य में हुआ। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, सीएमओ रमेशचन्द्र सतपुड़ा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए।

## साफ सफाई कर महा आरती

दोपहर के वक्त में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर एसडीएम विशाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने नर्मदा तट पर व्यापक साफ सफाई की। वही शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। इसमें विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, पूर्व विधायक श्री किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री श्री पटेल, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पाटीदार, एसडीएम विशाल धाकड़ आदि ने पूजन- महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की।

नर्मदा प्राकट्योत्सव

नर्मटा जयंती पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन

# मां नर्मदा की महिमा का गान सुनकर धन्यता के भाव में डूबे दर्शक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**डही.** नगर में नर्मदा प्रकटोत्सव पर मंगलवार शाम को निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए। मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेवकर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई। सिद्धा साईं एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई जिसने समां बांध दिया। सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। इसमें मां नर्मदा की महिमा का सुंदर चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने अवतरित किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर शाम 6.30 बजे से महोत्सव की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 3 घंटे चला। शुभारंभ पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, जयदीप पटेल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष पंचम पाटीदार, मंडल अध्यक्ष पूनम मंडलोई, कैलाश ठाकर आदि द्वारा किया गया। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवाल आदि मौजूद थे।



## नर्मदा तट पर की सफाई

इसके पूर्व दोपहर के वक्त में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर ग्रामीणों ने नर्मदा तट पर व्यापक साफ -सफाई की। वहीं शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल आदि मौजूद थे।

## नर्मदा के घाटों पर पहुंचे श्रद्धालु, किया पुण्य स्नान

**गंधवानी.** नगर के साथ अंचल के लोगों में भी मां नर्मदा के प्रति बहुत गहरी आस्था है। लोग विशेष पर्व पर नर्मदा स्नान करने के लिए जाते हैं। मंगलवार को नर्मदा जयंती होने पर नगर समेत आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में लोग नर्मदा दर्शन के लिए बड़वानी, सेमलदा, कोटेश्वर, मेघनाथ घाट समेत कई जगह पर पहुंचे थे। लोगों ने स्नान कर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की।

# डही में निर्झरणी महोत्सव सहित विभिन्न आयोजन हुए



डही (दस्तक)।

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से डही में नर्मदा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

निर्झरणी महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई।सिद्धा सांई एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई।? जिसने समां बांध दिया। सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति काफी सराही गई। इसमें मां नर्मदा की महिमा का सुंदर चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने अवतरित किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर शाम 6.30 बजे से निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ।

यह कार्यक्रम 3 घंटे चला। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मंडल भाजपा अध्यक्ष डही पूनम मंडलोई, मंडल भाजपा अध्यक्ष बड़दा कैलाश डावर आदि के आतिथ्य में हुआ। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए।

## नर्मदा तट पर साफ सफाई कर महा आरती हुई

इसके पूर्व दोपहर के वक्त में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर एसडीएम विशाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने नर्मदा तट पर व्यापक साफ सफाई की। वही शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। इसमें विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, पूर्व विधायक श्री किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री श्री पटेल, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पाटीदार, एसडीएम विशाल धाकड़ आदि ने पूजन- महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की।

# मन मोहक भजनों की तथा नृत्य की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ निर्झरणी महोत्सव






**डही ■ ध्रुव वाणी।**

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य को लेकर डही के पुलिस थाना ग्राउंड में निर्झरणी महोत्सव पवित्र मां नर्मदा के प्रति ध्यान का उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसने निमाड़ी लोक गायन मुकेश दरबार एवं साथी नेपानगर एवं नृत्य नाटिका जीवन दायिनी मां नर्मदा सदा शिव संगीत कला समिति भोपाल द्वारा मन मोहक भजनों की तथा नृत्य की प्रस्तुति दी गई इस दौरान ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार , भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े , विशाल धाकड़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी। प्रभारी तहसीलदार श्री मोरी जी के साथ बी एम ओ डॉ विजय अहरवाल, बी ई ओ, सी ई ओ के अलावा नगर के पत्र कार एवं और भी जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। डही तहसील पत्रकार संघ ग्रुप द्वारा अतिथि एवं कलाकारों का स्वागत किया गया मंच का संचालन बी आर सी मनोज दुबे द्वारा किया गया

**नर्मदा जयंती पर डही में हुआ निर्झरणी महोत्सव**

# जनप्रतिनिधियो ने नर्मदा तट की साफ सफाई की

**प्रदीप प्रजापति डही**



**डही ■ ध्रुव वाणी।**

नर्मदा जयंती पर जिला प्रशासन के सहयोग से कुक्षी अनुभाग के डही क्षेत्र में विभिन्न आयोजन हुए। इनमें क्षेत्र के ग्राम धरमराय में दोपहर 12 बजे से नर्मदा के तट पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया गया। ग्राम कातरखेड़ा में अपराह्न 4 बजे से महा आरती का आयोजन हुआ। वही डही के पुलिस थाना मैदान पर शाम 6:30 बजे से जिला प्रशासन के सहयोग से और मप्र संस्कृति विभाग द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन हुआ। निर्झरणी महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई। वही सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी तो वही सिद्धा सांई एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम पश्चात सभी कलाकार एवं लोक गायन का एसडीएम विशाल धाकड़ द्वारा सम्मान कर अभिवादन किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराडे, एसडीएम विशाल धाकड, भाजपा मंडल अध्यक्ष पूनम मंडलोई, कैलाश डावर, दुर्गेश वर्मा, मनीष भार्गव, पत्रकार शाहरुख बलोच, प्रदीप प्रजापति, शैलेंद्र सोनी, विनोद भावसार,विनोद राठौड़ सहित जनप्रतिनिधि नगर के गणमान्य नागरिक स्कूल के छात्र-छात्राओ सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी मनोज दुबे द्वारा किया गया।

पत्रिका

डही जिला धार में हुआ कार्यक्रम | मां नर्मदा और शिव की शक्ति से परिवेश हुआ भक्तिमय

# नर्मदा जयंती पर निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नेपानगर**. संस्कृति विभाग के आमंत्रण पर नर्मदा जयंती र पर निर्झरणी महोत्सव में निमाड़ के लोक कलाकार मुकेश दरबार और उनके ग्रुप ने निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति दी।

गुजरात बॉर्डर के पास डही जिला धार में पुलिस ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में गायन की शुरुआत स्वरचित गणेश वंदना भोला का छै लाल, मां गोरा का छै लाल के साथ हुई। इसके बाद हमारा निमाड़ में आई थारो नाव नर्मदा माई भजन पर उपस्थित दर्शकों ने खूब तालिया बजाई। सबसे प्रमुख प्रस्तुति मुकेश दरबार द्वार स्वरचित ओर अपनी आवाज में प्रस्तुत तथा प्रकाश केदारे के संगीत से सजा गीत शंकर कंकर, कंकर शंकर अर्थात मां नर्मदा के एक-एक कंकर में शंकर हैं गीत पर श्रोता खूब झूमे। इस गीत की प्रस्तुति से पूरा वातावरण मां नर्मदा की भक्ति और शिव की शक्ति मै डूब गया। मंच से नेपानगर जागृति कला केंद्र के निदेशक मुकेश दरबार ने कहा कि अभी हम कुछ दिन पूर्व ही प्रयागराज महासंगम में मां गंगा के तट पर निमाड़ की लोक संस्कृति को प्रस्तुत करके आए हैं और आज मां नर्मदा जयंती के अवसर पर मां नर्मदा में डुबकी लगाकर पुनः एक बार निमाड़ की संस्कृति को प्रस्तुत करने का अवसर मिला हैं।

इसे हम कला की शक्ति का ही प्रतिफल मानते हैं। इस बार हम लोक गायन विद्या के साथ प्रस्तुति देने आए हैं, चाहे निमाड़ का नृत्य हो या गायन सभी विद्या में निमाड़ की संस्कृति को लोग पहचाने इसी उद्देश्य को लेकर के हम कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अंत में कार्यक्रम के आयोजक सांस्कृत विभाग मप्र शासन और जिला प्रशासन धार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुकेश दरबार के साथ प्रकाश केदारे, रवींद्र हेनोते, सैयद निसार, चंपालाल, धनजी खैरे सहित अन्य कलाकार मौजूद थे।

# निर्झरणी महोत्सव में गूंजे निमाड़ी लोकगीत

## नर्मदा जयंती • निमाड़ी कलाकार मुकेश दरबार की प्रस्तुति ने समां बांधा



नर्मदा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हजारों श्रोता। • नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा नर्मदा जयंती पर धार जिले के डही में निर्झरणी महोत्सव आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में निमाड़ के अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार मुकेश दरबार और उनके ग्रुप ने निमाड़ी लोक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

गायन की शुरुआत स्वरचित गणेश वंदना भोला का छै लाल, मां गोरा का छै लाल के साथ हुई। इसके पश्चात हमारा निमाड़ में आई थारो नाव, नर्मदा माई भजन पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

मुकेश दरबार ने स्वरचित प्रकाश केदारे के संगीत से सजा गीत शंकर कंकर, कंकर शंकर अर्थात मां नर्मदा के एक-एक कंकर में शंकर है गीत प्रस्तुत किया। जिस पर श्रोता खूब झूमे। वातावरण मां नर्मदा और शिव की भक्ति से भर गया।

**कला की शक्ति का प्रतिफल मिला:** इस दौरान मुकेश दरबार ने कहा कि कुछ दिन पूर्व प्रयागराज में निमाड़ की लोक संस्कृति की प्रस्तुति दी थी। आज मां नर्मदा जयंती पर पुनः एक बार निमाड़ की संस्कृति को प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। हम इसे कला की शक्ति का प्रतिफल मानते हैं। इस बार लोक गायन विद्या के साथ प्रस्तुति देने आए हैं।

चाहे निमाड़ का नृत्य हो या गायन सभी विधा में निमाड़ की संस्कृति को लोग पहचानें, इसी उद्देश्य को लेकर वे कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रकाश केदारे, रविंद्र हेनोते, सैयद निसार, चंपालाल, धनजी खैरे सहित अन्य कलाकार मौजूद थे।



मंच से निमाड़ी गीत की प्रस्तुति देते लोक कलाकार मुकेश दरबार। • नईदुनिया

SSNewsmp | ssnewsmp | Telegram - ssnewsmp | Android App - SSNews India | website;www.ssnew
1
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
जहाँ खबर, वहाँ
# शब्द सरोवर
सांध्य दैनिक
वर्ष 32 अंक-259 | उज्जैन, शुक्रवार 07 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपए

# ओम अनिका सामाजिक संस्कृति संस्था ने नर्मदा जयंती महोत्सव में दी प्रस्तुति



भोपाल। नर्मदापुरम में मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नगर गौरव दिवस महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नर्मदा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री सेठानी घाट पर जलमंच से मां नर्मदा की पूजन किया। लाखों श्रद्धालुओं के घाटों पर पहुचे द्य, जिनमें सेठानी घाट, कोरी घाट, विवेकानंद घाट समेत अन्य प्रमुख घाट शामिल हैं। नगर के अलग-अलग घाटों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 4 फरवरी को नर्मदा जयंती पर निर्झरणी महोत्सव आयोजित किया गया। उज्जैन के कलाकार मालवी लोक गायन, नृत्य नाटिका और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी द्य. महोत्सव की शुरुआत मां नर्मदा की आरती से हुई ।उज्जैन की प्रसिद्ध ओम अनिका सामाजिक संस्कृति संस्था नर्मदा जयंती महोत्सव में नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर अपनी नृत्य नाटिका की आकर्षण प्रस्तुति दी।

संस्था अध्यक्ष कशिश सीतलानी ने बताया कि मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रति वर्ष नर्मदा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति नृत्य गुरु कशिश सीतलानी के मार्गदर्शन में दी गई।

आपने बताया कि संस्था के कलाकारों ने नर्मदा की कथा ,नृत्य नाटिका के साथ ही स्वच्छता का संदेश भी दिया द्य इस कार्यक्रम में उज्जैन की संस्था के प्रमुख कलाकार कशिश सीतलानी शैली अग्रवाल, भाविका मोटवानी, उर्वशी, नंदिका, दिशिता, क्रिस्टी, डॉली खांचदानी, तनिष्का व्यास, उर्वशी गहलोत , नेहा मोटवानी तनिषका व्यास, काव्या खत्री कीर्ति सलूज डॉली सलूजा पायल ,कंचन कुशवाह आदि अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

पत्रिका

प्रस्तुति

**नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर हुआ आयोजन, मिशा शर्मा और टीम ने पेश किया गायन**

# निर्झरणी महोत्सव में छाया हरदा के गायकों के सुरों का जादू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हरदा.** मां नर्मदा के तट पर मंगलवार को आयोजित निर्झरणी महोत्सव में हरदा के युवा गायक कलाकारों की टीम के सुरों ने शानदार जादू बिखेरा। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों और हजारों दर्शकों की मौजूदगी में हुए आयोजन में भुआणा माटी के कलाकारों ने एक से एक शानदार प्रस्तुति दी,जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

मंगलवार को सेठानी घाट पर सेठानी घाट पर शाम को मां नर्मदा के पूजन और अभिषेक के बाद धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए.निर्झरणी महोत्सव के रूप में आयोजित सांध्या बेला में हरदा की गायिका मिशा शर्मा और उनकी टीम ने प्रस्तुति दी। उन्होंने गायन की शृंखला में निमाड़ी बोली में पुण्य सलिला मोक्ष दायिनी मां नर्मदा की महिला का गान किया।

कार्यक्रम को सुमित शर्मा, सिराज खान,मयंक मालवीय, ज्ञानी सलामे ने अपने वाद्ययंत्रों पर धुन बजाई। जिस पर टीम की वैष्णवी लाहोरे, पलक यदुवंशी, अंशिका राठौर, नंदिता झुरिया ने अपनी आवाज दी। जिसकी उपस्थित नर्मदा के साधकों ने प्रशंसा की। यह आयोजन मप्र शासन संस्कृति परिषद और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।





**हरदा.** नर्मदा घाट पर मौजूद जन समुदाय। इनसेट में गायन पेश करते हुए हरदा की टीम।

# नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर गूंजा हरदा का लोकसंगीत

**हरदा** | नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर हुए जयंती के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा अभिषेक किए जाने के बाद निर्झरणी महोत्सव मनाया गया। जिसमें हरदा की मिशा शर्मा एवं साथियों ने निमाड़ी लोकगीत की शैली में नर्मदा महिमागान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन संस्कृति परिषद और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। गायन के साथ सुमित शर्मा, सिराज खान, मयंक मालवीय, ज्ञानी सालमे ने वाद्ययंत्रों पर संगत की। वैष्णवी लाहौरे, पलक यदुवंशी, अंशिका राठौर, नंदिता झुरिया ने स्वर प्रदान किए।



हरदा। नर्मदापुरम कार्यक्रम में मध्य में मिशा।

से साईं शेहरावाले साईं की शोभायात्रा

वालों का सम्मान किया जाएगा।

# निर्झरणी महोत्सव में उज्जैन के कलाकारों ने दी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति



**उज्जैन** | मध्यप्रदेश शासन द्वारा नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें उज्जैन के कलाकारों ने पहली प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूजन-अर्चन के बाद उज्जैन की ओम अनिका सामाजिक सांस्कृतिक संस्थान द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने माता की कथा सुनाई व नर्मदा अष्टकम, नर्मदा वंदना, नर्मदा स्तुति आदि की प्रस्तुति दी। संस्थान की कशिश सीतलानी ने बताया संस्था के कलाकारों ने नर्मदा की कथा के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस दौरान रिदनिया अग्रवाल, शैली अग्रवाल, उर्वशी गेहलोत, डॉली खेमचंदानी, भाविका मोटवानी, नेहा मोटवानी, उन्नति वालेछा, तनिष्का व्यास, काव्या खत्री, कीर्ति सलूजा, डॉली सलूजा, पायल आदि मौजूद थीं।

# उज्जैन के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**माधव एक्सप्रेस • प्रतिनिधि**

www.madhavexpress.com

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्झरणी महोत्सव में उज्जैन के कलाकारों द्वारा पहली प्रस्तुति दी गई।



नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूजन अर्चन के पश्चात ओम अनिका सामाजिक सांस्कृतिक संस्थान द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने माता की कथा सुनाई व नर्मदा अष्टकम, नर्मदा वंदना, नर्मदा स्तुति आदि की प्रस्तुति दी। ओम अनिका की कशिश सीतलानी ने बताया कि हमने नर्मदा की कथा के साथ स्वच्छता का भी संदेश दिया। इस दौरान रिदनिया अग्रवाल, शैली अग्रवाल, उर्वशी गेहलोत, डॉली खेमचंदानी, भाविका मोटवानी, नेहा मोटवानी, उन्नति बालेछा, तनिष्का व्यास, काव्या खत्री, कीर्ति सलूजा, डॉली सलूजा, पायल आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

देवास 05-02-2025

# निर्झरणी महोत्सव में लोकगायन व नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी



नागर घाट पर संस्कृति विभाग ने जिला प्रशासन के सहयोग से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया। इसमें संत देवराज नागर ने मालवी लोकगायन की प्रस्तुति दी। पवन तिवारी व साथी टीकमगढ़ ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। यशु तिवारी व साथी ने मां नर्मदा पर केंद्रित नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया। मौली दुबे की नृत्य नाटिका देख भक्त भाव-विभोर हो गए।

दैनिक भास्कर खरगोन 05-02-2025

## खरगोन जिला

# निर्झरणी महोत्सव की मालवी लोकगायन से हुई शुरुआत, रामघाट पर हुआ आयोजन




मंडलेश्वर में महोत्सव के तहत मां नर्मदा की हुई आरती।

भास्कर संवाददाता | खरगोन-मंडलेश्वर

नर्मदा जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर में नर्मदा तट पर स्थित रामघाट पर शाम को निर्झरणी महोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन की शुरुआत मां नर्मदा की आरती से हुई। इसके बाद नर्मदाष्टक का पाठ हुआ। इसके लिए रामघाट पर भव्य मंच और आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी।

निर्झरणी महोत्सव में पहली प्रस्तुति उज्जैन की मालवी गायिका हीरामणि वर्मा द्वारा प्रस्तुति दी गई।भोपाल की सुमन कोठारी का दल नृत्य नाटिका मोक्षदायिनी की प्रस्तुति दी गई। अंतिम प्रस्तुति भक्ति गायन की रही। इसमें मां नर्मदा, श्रीराम, श्रीकृष्ण सहित प्रकृति को लेकर भक्ति भजन की प्रस्तुति सागर के कलाकार यश गोपाल श्रीवास्तव और उनके साथियों द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में रामघाट पर श्रोता और श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने महोत्सव के दौरान कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति का आनंद लिया। महोत्सव के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, नपं अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, नपं उपाध्यक्ष ज्योति गाडगे व पूर्व अध्यक्ष मनीषा मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। यह आयोजन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग आयोजित हुआ। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम अनिल जैन, तहसीलदार रुकेश सस्तिया, नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह, जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद के नीरज अमझरे, नप सीएमओ शिवजी आर्य आदि मौजूद थे।



महोत्सव के तहत मालवी लोकगीतों की प्रस्तुती देते हुए कलाकार।

### पूजन और अभिषेक के साथ होंगे भंडारे

मंगलवार को नर्मदा प्रकटोत्सव पर नर्मदा के सभी प्रमुख घाटों पर मां नर्मदा का पूजन अभिषेक का दौर सुबह से शुरू हो गया। जो दिन भर जारी रहा। नर्मदा स्नान और मंदिरों में दर्शनों का सिलसिला भी सुबह से शाम तक जारी रहा। नर्मदा जन्म उत्सव को लेकर नगर के सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। इसके साथ ही धार्मिक संस्थाओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## निर्झरणी महोत्सव में मां नर्मदा के प्रति प्रकट की धन्यता, आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

# धन्य-धन्य म्हारो निमाड़ छे..., मां रेवा थारो पानी निर्मल..., शिवकुंज में मना निर्झरणी महोत्सव

**हिंदुस्तान मेल ◆ बड़वानी**

मप्र शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर के शिवकुंज आशाग्राम के मुक्ताकाश मंच पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधकर सभी का मन मोह लिया।

मां रेवा की अविरल धारा जन-जन की जीवनदायिनी के रूप में प्रवाहमान होकर हम सभी को आशीष प्रदान कर रही है, जिसे नृत्य नाटिका नर्मदे हर की प्रस्तुति से उज्जैन के तृप्ति नागर एवं साथियों के द्वारा सहज भाव से आमजन तक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। वहीं निमाड़ी लोक गायक पारस नायक एवं साथी बड़वानी के द्वारा अपनी प्रस्तुति में धन्य-धन्य म्हारो निमाड़ छे...एवं मां रेवा थारो पानी निर्मल...जैसे गीतों ने लोगों को आनंदित कर दिया।

भक्ति गायन की प्रस्तुति जबलपुर के रंजीत बान एवं साथियों के द्वारा दी गई, जिसमें नर्मदा अष्टक को गीत के रूप में सर्वप्रथम प्रस्तुति देने वाले रविंद्र शर्मा भी उपस्थित हुए। उन्होंने नर्मदा अष्टक की मधुर प्रस्तुति दी। मां रेवा के उद्गम से लेकर संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र एवं अन्य वृतांत से रूबरू होकर सभी कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति का मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल जोशी ने किया। सहयोगी के रूप में संचालन का दायित्व शिवकुंज के स्वयंसेवक जगदीश गुजराती के द्वारा निभाया गया।






### मां नर्मदा की आरती में कई लोग हुए शामिल



निर्झरणी महोत्सव के आयोजन में बड़ी संख्या में शिवकुंज आए नई पीढ़ी के युवाओं को सहज प्रस्तुतियों के माध्यम से मां नर्मदा को श्रद्धापूर्वक जानने का अवसर मिला। इस मौके पर मां नर्मदा की आरती में कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में आभार शिवकुंज के स्वयंसेवक सचिन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आशाराम मुजाल्दा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमितसिंह गांधी नगर पालिका परिषद बड़वानी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जाधव, प्राचार्य इकबाल आदिल सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

निर्झरणी महोत्सव

## निर्झरणी महोत्सव की प्रस्तुतियों से गूंजा शिवकुंज

# कलाकारों ने प्रस्तुतियां देकर बांधा आध्यात्म का समां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**बड़वानी**. मप्र शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शिवकुंज आशाग्राम के मुक्ताकाश मंच पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों से आध्यात्म का समा बांधा गया। मां रेवा की अविरल धारा जन-जन की जीवन दायिनी के रूप में प्रवाह मान होकर हम सभी को आशीष प्रदान कर रही हैं। जिसे नृत्य नाटिका नर्मदे हर की प्रस्तुति से उज्जैन के तृप्ति नागर एवं साथियों ने नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया।

निमाड़ी लोक गायन पारस नायक एवं साथी बड़वानी ने धन्य धन्य मारो निमाड़ छे एवं मां रेवा थारो पानी निर्मल जैसे गीतों से लोगों को आनंदित किया। भक्ति गायन की प्रस्तुति जबलपुर के रंजीत बान एवं साथियों द्वारा दी गई। जिसमें नर्मदा अष्टक को गीत के रूप में सर्वप्रथम प्रस्तुति देने वाले रविंद्र शर्मा ने नर्मदा अष्टक की मधुर प्रस्तुति दी। मां रेवा के उद्ग से लेकर संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र एवं अन्य वृत्तांत से रूबरू होकर सभी कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति का मंचन किया। संचालन अनिल जोशी ने किया एवं स्वयंसेवक जगदीश गुजराती ने उनका साथ दिया। कार्यक्रम में युवाओं को सहज प्रस्तुतियों के माध्यम से मां नर्मदा को श्रद्धापूर्वक जानने का अवसर दिया। वहीं महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने श्रद्धापूर्वक सभी प्रस्तुतियां देखी। मां नर्मदा की आरती में सहभागी बने। आभार स्वयंसेवक सचिन दुबे ने माना। इस मौके पर जनजाति कार्य विभाग सहायक आयुक्त आशाराम मुजाल्दा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित सिंह गांधी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस जाधव, प्राचार्य इकबाल आदिल सहित दर्शक उपस्थित थे।

### नर्मदा तट पर 'निर्झरणी महोत्सव' में कलाकारों ने एक से बढ़कर दी प्रस्तुति

# नृत्य व गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध





सिटी रिपोर्टर | नरसिंहपुर

नर्मदा जयंती पर मंगलवार को नर्मदा तट के समीप बरमानकलां घाट पर सांस्कृतिक संध्या निर्झरणी महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोडिया, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में किया गया। पवित्र मां नर्मदा के प्रति धन्यता के उत्सव के रूप में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन नरसिंहपुर के सहयोग से यह आयोजन किया गया। जिसमें अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

**भरतनाट्यम नृत्य शैली पर नृत्य नाटिका**- महोत्सव के दौरान के दौरान रामचंद्र गांगोलिया एवं साथी उज्जैन के दल ने मालवी लोक गायन की प्रस्तुति दी। कविता शाजी एवं साथी भोपाल के दल ने नर्मदा नदी पर केन्द्रित नृत्य नाटिका 'ओम नर्मदे नमः' की शानदार प्रस्तुति देकर शमां बांधा। यह भरतनाट्यम नृत्य शैली पर आधारित था। इसके पश्चात श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन, शिव शंभू स्वयंभू की भी प्रस्तुति दी गई।





**भक्तिगीतों पर झूमे श्रद्धालु**- भक्ति गायन एवं जस के लिए सिवनी जिले के रूद्रकांत ठाकुर एवं साथी ने जय गणपति वंदन गणनायक, नर्मदे-नर्मदे, चलो देख आय री या बरमान की नगरिया, नौकर रख लो रेवा जी मैया, तुम कल्याणी हो महाकाली, लट खोलकर नाचो, अब तो बिगड़े काम बनाओ हनुमत वीरा है जैसी भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार,एसडीएम मनेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। इस मौके पर मां अतिथियों सहित अन्य श्रद्धालु मां नर्मदा की महाआरती में शामिल हुए।

### परिषद द्वारा भजन, काव्यपाठ व सम्मान आयोजित

मां नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर वरिष्ठ जन परिषद द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में नर्मदा मैया सहित हनुमान का पूजन अर्चन वंदन किया। परिषद द्वारा हनुमान चालीसा सहित सुंदर काण्ड का पाठ किया गया। पं.सीबी शर्मा सहित सदस्यों ने संकीर्तन के साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी। डीडी गोस्वामी डॉ. महेश त्रिपाठी, यूएस उपाध्याय, धनपत तिवारी, प्रेमशंकर राघव, अशोक वर्मा जीके चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए। कवि अशोक त्रिपाठी ने मां नर्मदा की महिमा पर काव्यपाठ किया। वरिष्ठ सदस्य आरके पटवा का परिषद द्वारा शॉल-श्रीफल व पुष्पमाला से अभिनंदन किया गया।

दैनिक भास्कर
Thu, 06 February 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/76758815

# नर्मदा तट पर बहे निर्गुण भक्ति के सुर

## निर्झरणी महोत्सव-पंचवटी घाट में गूंजे निमाड़ी लोक गीत



जनसम्पर्क एक्सप्रेस ● जबलपुर

*पंचवटी घाट पर नर्मदा धारा के साथ निमाड़ी लोक गीतों की सरिता बही। नर्मदा प्रगटोत्सवके अवसर पर आयोजित निर्झरणी महोत्सव में निमाड़ी लोक गायक विक्रम सिंह जिंजुरिया ने अपने साथियों के साथ निर्गुण भक्ति की धारा बहाई। जीवन मरण को खेल म्हारा मनवा। थारी उमर चली है जैसे रेल मनवा। नर्मदा जल में कंकरशंकर है जैसे भक्ति गीतों के साथ बधाई गीत, मंगल गीत भी प्रस्तुत किए गए।*

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा जबलपुर पुरातत्व पर्यटन परिषद के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वाति यादव के दल ने नदियों के महत्व पर आधारित नृत्य नाटिका प्रवाहिनी की प्रस्तुति दी। कथक कलाकारों ने नर्मदा की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। दल ने शिव की महिमा पर केंद्रित प्रस्तुति भी दी। दमोह से आए नितिन अग्रवाल ने भक्ति गीतों से समा बांध दिया।

कार्यक्रम का आरंभ नर्मदा पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर बरगी विधायक नीरज सिंह , जबलपुर पुरातत्व पर्यटन परिषद के सीईओ हेमंत सिंह, कला निकेतन महाविद्यालय के समन्वयक मनीष कोष्ठा , भेड़ाघाट नगर परिषद के अध्यक्ष चतुर सिंह, सीएमओ विक्रम झरिया जगदीश दहिया, अनिल तिवारी,दिलीप राय, सुनील जैन, नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति ठाकुर और वंदना वर्मा ने किया।

### प्रदेश के 14 जिलों में हुआ आयोजन

नर्मदा प्रगटोत्सव पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन

नरसिंहपुर, ओंकारेश्वर, खंडवा सहित प्रदेश के 14 जिलों में किया गया सभी स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

# उत्सवः गूँजे निमाड़ी लोक गीत...

**जबलपुर** | भेड़ाघाट के पंचवटी घाट पर निमाड़ी लोक गीतों की सरिता भी बही। नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर आयोजित निर्झरणी महोत्सव में निमाड़ी लोक गायक विक्रम सिंह जिंजुरिया ने अपने साथियों के साथ निर्गुण भक्ति की धारा बहाई। जीवन मरण को खेल म्हारा मनवा... थारी उमर चली है जैसे रेल मनवा... नर्मदा जल में कंकर शंकर है... जैसे भक्ति गीतों के साथ बधाई गीत, मंगल गीत भी प्रस्तुत किए गए। राज्य शासन के संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन तथा जबलपुर पुरातत्व, संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में स्वाति यादव के दल ने नदियों के महत्व पर आधारित नृत्य नाटिका प्रवाहिनी की प्रस्तुति दी। कथक कलाकारों ने नर्मदा की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। दल ने शिव की महिमा पर केंद्रित प्रस्तुति भी दी। दमोह से आए नितिन अग्रवाल ने भक्ति गीतों से समाँ बाँधा।

इस अवसर पर बरगी विधायक नीरज सिंह, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन परिषद के सीईओ हेमंत सिंह, कला निकेतन महाविद्यालय के समन्वयक मनीष कोष्टा , भेड़ाघाट नगर परिषद के अध्यक्ष चतुर सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी, सीएमओ विक्रम झरिया, जगदीश दहिया, दिलीप राय, सुनील जैन, नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन दीप्ति ठाकुर और वंदना वर्मा ने किया।

## बही निमाड़ी लोक गीतों की सरिता

भेडाघाट के पंचवटी घाट पर मंगलवार को मां नर्मदा की धारा के साथ निमाड़ी लोक गीतों की सरिता बही। नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित निर्झरणी महोत्सव में निमाड़ी लोक गायक विक्रम सिंह जिंजुरिया ने अपने साथियों के साथ निर्गुण भक्ति की धारा बहाई। स्वाति यादव के दल ने नदियों के महत्व पर आधारित नृत्य नाटिका प्रवाहिनी की प्रस्तुति दी। दमोह से आए नितिन अग्रवाल ने भक्ति गीतों से समा बांध दिया। इस मौके पर बरगी विधायक नीरज सिंह, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन परिषद के सीईओ हेमंत सिंह, कला निकेतन महाविद्यालय के समन्वयक मनीष कोष्टा, भेड़ाघाट नगर परिषद के अध्यक्ष चतुर सिंह, अनिल तिवारी, सीएमओ विक्रम झरिया, मौजूद थे। संचालन दीप्ति ठाकुर और वंदना वर्मा ने किया।

जबलपुर, बुधवार, 05 फरवरी, 2025

नईदुनिया सिटी

# जबलपुर

पेज 3

नृत्य, गायन कर मचाई धूम म्यूजिकल चेयर में की मस्ती



'कैंसर के लिए आयुर्वेद में गहन अनुसंधान जरूरी' IV

www.naidunia.com

शुभ प्रभात

शहर की वायु गुणवत्ता

| | | |
|---|---|---|
| **मढ़ाताल** | | |
| एक्यूआइ | पीएम-10 | पीएम-2.5 |
| 119 (मध्यम) | 94 | 41 |
| **जसूजा सिटी** | | |
| 119 (मध्यम) | 94 | 41 |
| **रानीपुर** | | |
| 119 (मध्यम) | 94 | 41 |

(यूनिट : माइक्रो ग्राम/घनमीटर)

# बही निर्गुण भक्ति की धारा, पंचवटी घाट में गूंजे निमाड़ी लोक गीत

**नृत्य नाटिका से बताया नदियों का महत्व**



निर्झरणी महोत्सव में प्रस्तुति देते युवक-युवतियां। ● सौजन्य आयोजक



कार्यक्रम के दौरान लोक गीतों की प्रस्तुति देते लोक गायक। ● नईदुनिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर : मां नर्मदा के प्रकट्योत्सव पर भेड़ाघाट के पंचवटी घाट पर मंगलवार को नर्मदा की धारा के साथ निमाड़ी लोक गीतों की सरिता भी बही। निर्झरणी महोत्सव में निमाड़ी लोक गायक विक्रम सिंह जिंजुरिया ने अपने साथियों के साथ निर्गुण भक्ति की धारा बहाई। जीवन-मरण को खेल म्हारा मनवा। धारी उमर चली है जैसे रेल मनवा। नर्मदा जल में कंकर शंकर है जैसे भक्ति गीतों के साथ बधाई गीत, मंगल गीत भी प्रस्तुत किए गए। राज्य शासन के संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन तथा जबलपुर पुरातत्व, संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के तत्वावधान में आयोजित निर्झरणी महोत्सव में स्वाति यादव के दल ने नदियों के महत्व पर आधारित नृत्य नाटिका प्रवाहिनी की प्रस्तुति दी। कथक कलाकारों ने नर्मदा की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। दल ने शिव की महिमा पर केंद्रित प्रस्तुति भी दी। दमोह से आए नितिन अग्रवाल ने भक्ति गीतों से समा बांध दिया। कार्यक्रम का आरंभ नर्मदा पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर बरगी विधायक नीरज सिंह, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन परिषद के सीईओ हेमंत सिंह, कला निकेतन महाविद्यालय के समन्वयक मनीष कोष्टा, भेड़ाघाट नगर परिषद के अध्यक्ष चतुर सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी, सीएमओ विक्रम झरिया, जगदीश दहिया, दिलीप राय, सुनील जैन, नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति ठाकुर और वंदना वर्मा ने किया। नर्मदा प्रगटोत्सव पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन नरसिंहपुर, ओंकारेश्वर, खंडवा सहित प्रदेश के 14 जिलों में किया गया। सभी स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

परिजनों संग किए मां नर्मदा के दर्शन: शैलजा ने कहा कि मां नर्मदा के प्रकट्योत्सव पर पूरे शहर में धूम रही। हर कोई मां की आराधना करते नजर आया। सुबह से मंदिरों में मां नर्मदाष्टक के शब्दों ने भक्तिमय माहौल बनाया। तीन-चार परिवार मिलकर तिलवाराघाट पहुंचे थे। प्रशासन ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था की थी। किसी भी भक्त को कोई परेशानी नहीं हुई। दीपदान से नर्मदाघाट जगमगा उठे। हम सभी ने पहुंचकर नर्मदा घाट में स्वच्छता अभियान भी चलाया। कई जगह दोने व पालिथिन पड़े हुए थे, जिनको उठाकर डस्टबिन में डाला। मां नर्मदा प्रकट्योत्सव के लिए हम युवा भी उत्साहित रहे। हमारे फोन की रिंग टोन भी बदल गई।

**इंटरनेट मीडिया पर चला फोटो का दौर:** सओनिया ठाकुर बताती है कि इंटरनेट मीडिया पर मोबाइल की डीपी पर फोटोसेशन का दौर चला। जगह-जगह मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित की गई। सुबह जल्दी उठकर गौरीघाट जाकर मां नर्मदा में डुबकी लगाकर स्नान किए। हम सभी दोस्तों ने कालेज से छुट्टी ल[illegible] थी। सेवाकार्य करने का मौका बहु[illegible] ही कम मिलता है, इसलि[illegible] नर्मदातटों पर जाकर सेवाका[illegible] किया। हमारे शहर में किसी [illegible] उत्सव को बहुत ही धूम रहती [illegible] आस्था के साथ सभी ने मां [illegible] उपासना की। पारंपरिक परिधानों [illegible] सभी नजर आए। हर उम्र वर्ग [illegible] लोगों में उत्साह नजर आया।

# नर्मदा प्रकटोत्सव पर डही में निर्झरणी महोत्सव आयोजित

**हिंदुस्तान मेल, डही**



मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से डही में नर्मदा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित निर्झरणी महोत्सव में कलाकारों ने धर्म और अध्यात्म के रंग भरे। इसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए। निर्झरणी महोत्सव में मुकेश दरबार एवं साथी कलाकार नेपानगर द्वारा निमाड़ी लोक गायन की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति दी गई। सिद्धा साईं एवं साथी कलाकार नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा के आध्यात्मिक महत्व पर आधारित भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई, जिसने समां बांध दिया। सदाशिव नाट्य कला समिति भोपाल द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति काफी सराही गई। इसमें मां नर्मदा की महिमा का सुंदर चित्रण जब मंच पर कलाकारों ने अवतरित किया तो दर्शक नर्मदा के प्रति कृतज्ञता और धन्यता के भाव में डूब गए। स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर शाम 6:30 बजे से निर्झरणी महोत्सव आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम 3 घंटे चला। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मंडल भाजपा अध्यक्ष डही पूनम मंडलोई, मंडल भाजपा अध्यक्ष बड़दा कैलाश डावर आदि के आतिथ्य में हुआ। संचालन बीआरसी मनोज दुबे ने किया। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, बीईओ राजेश कुमार सिन्हा, सीएमओ रमेशचन्द्र सतपुड़ा, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए।

## साफ सफाई कर महा आरती

दोपहर के वक्त में ग्राम धरमराय कुआं में नर्मदा तट पर एसडीएम विशाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने नर्मदा तट पर व्यापक साफ सफाई की। वही शाम को ग्राम कातरखेड़ा में नर्मदा नदी पर पूजन अर्चन का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। इसमें विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, पूर्व विधायक श्री किराड़े, प्रदेश भाजपा मंत्री श्री पटेल, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पाटीदार, एसडीएम विशाल धाकड़ आदि ने पूजन- महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की।